Need to establish a sports academy and a sports training center under ?Khelo India? programme in Satna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh- Laid

श्री **गणेश सिंह (सतना) :** मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना जिला मुख्यालय में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से हमने इन्टरनेशनल नार्म्स के मल्टी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स 36 करोड़ रूपये की लागत से बनाए है । दादा सुखेन्द्र सिंह के नाम से एक स्टेडियम 11 करोड़ रूपये की लागत से बनाया गया है, जिसमें फुटबॉल, वालीबॉल के साथ-साथ एथलेटिक्स के सभी खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है । जिला कलेक्ट्रेट के समीप धवारी में एक क्रिकेट स्टेडियम 9 करोड़ की लागत से तथा बाबूपुर में माननीय प्रधानमंत्री जी के नाम से स्टेडियम का निर्माण कराया गया है । इसी तरह से मेरे लोकसभा क्षेत्र मैहर जिले में भी करोड़ों रुपए की लागत से खेल स्टेडियम तैयार किए गए हैं । 2010-11 से मैं ??सांसद खेल ट्रॉफी?? अपने लोकसभा क्षेत्र में सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिए खेलों का आयोजन करता आ रहा हूं, लगभग सभी विधान सभाओं में उच्च स्तरीय मानकों के स्टेडियम तैयार किए गए हैं, लेकिन इनको प्रशिक्षण देने वाला कोई नहीं है, मैंने मंत्री जी से खेलो इंडिया खेलों के तहत और इसके पूर्व साईं प्रशिक्षण केंद्र की मांग की थी, अब चूंकि साईं प्रशिक्षण केंद्र की जगह खेलों इंडिया खेलो योजना आ गई है, मैं सरकार से प्रशिक्षण केंद्र एवं कोई एकेडमी दिये जाने की मांग करता हूँ ।